मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-428
31/08/2021

# मुख्यमंत्री ने कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर में की पूजा–अर्चना, राज्य की तरक्की, सुख, शांति एवं बाढ़ से लोगों को मुक्ति दिलाने की कामना की

पटना, 31 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज श्री बाबा कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर, दरभंगा में पूजा अर्चना कर राज्य की तरक्की, सुख, शांति, समृद्धि एवं बाढ़ से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए कामना की। पूजा अर्चना के क्रम में मुख्यमंत्री ने कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर की परिक्रमा भी की।

इस अवसर पर मंत्री जल संसाधन श्री संजय कुमार झा, उपाध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री महेश्वर हजारी, सचिव जल संसाधन श्री संजीव हंस, विशेष कार्य पदाधिकारी आपदा प्रबंधन श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त दरभंगा प्रमंडल डॉ0 मनीष कुमार, आई0जी0 दरभंगा रेंज श्री अजिताभ कुमार, जिलाधिकारी दरभंगा डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा श्री बाबू राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******